







# गोपाष्टमी पर गोपाल गौशाला में गौ पूजन

## 11 लाख से बनेगा टीन शेड व चिकित्सा कक्ष

**नवभारत न्यूज**

**सनावद।** सनावद की गोपाल गौशाला में गोपाष्टमी महापर्व धूमधाम से मनाया गया। विधायक सचिन बिरला, नपाध्यक्ष सुनीता बिरला, गौसेविका सोनाली पंवार, बजरंग दल एवं नि:स्वार्थ गौसेवा समिति के सदस्यों ने माँ गौ का पूजन-अर्चन किया तथा पौष्टिक आहार परोसा। विधायक श्री बिरला ने गौशाला पर अतिक्रमण हटाने में सहयोग देने वाले नागरिकों व गौसेवकों की प्रशंसा की। उन्होंने तहसीलदार केसिया सोलंकी को गौशाला की समस्त भूमि की तत्काल नपती कराने के निर्देश दिए। अनाज मंडी के निकट अतिक्रमित भूमि शीघ्र मुक्त कराने का आश्वासन भी दिया।



**11 लाख की निधि से विकास कार्य:** विधायक ने घोषणा की कि विधायक निधि से 11 लाख रुपये की राशि से गौशाला परिसर में विशाल टिन शेड एवं घायल गायों के उपचार हेतु चिकित्सा कक्ष का निर्माण कराया जाएगा।

कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिक संगठनों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं नागरिकों ने गौशाला विकास के लिए मुक्तहस्त दान दिया। बड़ी संख्या में लोगों ने मुरूम भराई एवं शेड निर्माण में श्रमदान का संकल्प लिया। नपाध्यक्ष सुनीता बिरला ने भी पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। विभाग प्रमुख जितेंद्र राठौड़ एवं दिलीप सकारोदिया ने गौशाला को कब्जामुक्त कराने में सहयोग देने वाले जनप्रतिनिधियों, नागरिकों एवं पत्रकारों के प्रति आभार व्यक्त किया।

**गौसेवकों का सम्मान:** जनप्रतिनिधियों ने नि:स्वार्थ गौसेवा समिति के कान्हा आदिवाल, आशीष टांक, अमित गोयल, अशोक राव, पीयूष व्यास, चिराग लाड़, रूपेश राठौर, अक्षय व्यास, शिवम मौर्य, तुषार शर्मा, श्रवण शर्मा, सूर्यप्रतापसिंह पंवार, रुद्रप्रतापसिंह पंवार, अनुराग बिरला, रोहन शर्मा, विशाल मेवा, प्रिंस सेंडरे, संजयसिंह चौहान, गौरव जोशी, दर्शन माली, रशीद जोया आदि का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी रामेश्वर ठाकुर, पशु चिकित्सक डॉ. राजेश प्रधान, डॉ. मल्की डाबर, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण पटेल, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर, संजय राठौर, राजेश अंजने, मनोज जैन, सरोज इंगला, केतन गेहलोत, मोहित यादव सहित सैकड़ों गौसेवक उपस्थित रहे।

## ढकलगांव में गोपाष्टमी पर श्रीकृष्ण गौशाला में भक्तिमय आयोजन



**सनावद/ढकलगांव, निप्र।** समीपस्थ ग्राम ढकलगांव स्थित श्रीकृष्ण गौशाला में बुधवार को गोपाष्टमी पर्व भक्तिभाव और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गौ संरक्षण और संवर्धन के इस पुनीत अवसर पर विधायक सचिन बिरला ने गौशाला में उपस्थित होकर गायों का पूजन किया तथा पौष्टिक गौग्रास परोसा। कार्यक्रम में विधायक ने ग्रामवासियों के सहयोग से निर्मित नवीन टीन शेड का उद्घाटन किया।

गौशाला में लगभग 375 गायों के लिए पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापना एवं चबूतरा निर्माण की राशि शीघ्र स्वीकृत करने का आश्वासन दिया। साथ ही गायों के पौष्टिक आहार के लिए 50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की। विधायक ने पंजीकृत श्रीकृष्ण गौशाला को मध्यप्रदेश शासन की गौ संरक्षण योजना के अंतर्गत धनराशि दिलाने का भी भरोसा दिलाया। उन्होंने गौशाला को आदर्श गौशाला की संज्ञा देते हुए गौसेवकों की सराहना की और कहा, गाय हमारी संस्कृति और धर्म का अभिन्न अंग है। गाय की सेवा ही ईश्वर की सेवा है। उन्होंने बताया कि डॉ. मोहन यादव सरकार प्रदेश में निराश्रित गायों की सुरक्षा और आश्रय के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। इस अवसर पर युवा समाजसेवी दीपक माहेश्वरी एवं उनके परिजनों ने गौशाला विकास हेतु ढाई लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की। विधायक एवं समिति पदाधिकारियों ने माहेश्वरी का अभिनंदन किया तथा समाज के सामर्थ्यवान नागरिकों से गौरक्षा में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में गौशाला समिति के अध्यक्ष आनंदराम चौधरी, उपाध्यक्ष नानकराम गेंदर, सचिव मायाराम मलगायां, राजेंद्र डोलरिया, मुकेश चौधरी, हरेराम लामडाडिया, मांगीलाल खाटरिया, रमेश गेंदर, दुलीचंद चौधरी, सोहन यादव, रामकिशन चाचरिया, नंदराम छापरिया, डॉ. राजेश प्रधान, ओम पाटील, लेखराम पटेल, वेणीराम सेठ, नारायण चौधरी, खयालीराम सेजगायां, डॉ. मल्की डाबर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## गोपाष्टमी पर श्री बांके बिहारी का ग्वाला रुप में दिए दर्शन





**खरगोन, निप्र।** मेरे बांके बिहारी लाल ना इतना ना करियो श्रृंगारए नजर तोहे लग जाएगी..। शहर के ग्रीन गोल्ड कॉलोनी में विराजित श्री बांके बिहारी मंदिर में गोपाष्टमी पर्व श्रद्धा और भव्यता से मनाया गया। यहां विराजित ठाकुरजी और राधाजी के मनोहारी श्रृंगार ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया और उन्हें भक्ति में डूबो दिया। ठाकुरजी का ग्वालें के रुप में श्रृंगार न केवल नेत्रों को आनंद दे रहा था, बल्कि गौ भक्ति से भावविभोर कर दिया। मंदिर संस्थापक श्याम बड़ोले ने बताया कि मंदिर में कार्तिक मास की पड़वा से रोजाना काकड़ आरती की जा रही है, गोपाष्टमी पर भी सैकड़ों की संख्या में शामिल महिलाओं ने काकड़ आरती के साथ ही ठाकुरजी के ग्वाल रुपी श्रृंगार के दर्शन कर भजन. कीर्तन किए। श्री ठाकुरजी और श्री राधा रानी की मनमोहक छवि हर रसिक जन को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। मंदिर सेविका श्रीमती संगीता बड़ोले, पूजा पटेल ने बताया कि गाय में तैंतीस करोड़ देवी-देवताओं का वास माना जाता है। श्रीकृष्णजी ने अपना बाल्यकाल गौपालन, गौचराने में बिताया और इसी दिन से बलदाऊ जी और ठाकुर जी गायों को वन में चराने जाने लगे, इसलिए गायों के महत्व को समझते हुए गोपाष्टमी पर मंदिर परिसर में गौ.पूजन कार्यक्रम रखा गया। यहां कॉलोनिवासियों सहित भक्तों ने गौसेवा कर सुख.शांति, स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की।

## भव्य गौ माता शोभा यात्रा

कसरावद, निप्र। कसरावद नगर में गोपाअष्टमी पर विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल एवं राम लक्ष्य संगठन के द्वारा कसरावद नगर मे गौ माता की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई प्रखंड संयोजक रणजीत सिंह मंडलोई ने बताया कि गौ माता हमारे राष्ट्र की माता है आज गौ माता को निसहाय अवस्था मे गली और सड़कों पर घूमने के लिए सब छोड़ देते है और कुछ निर्दयी तो गौ माता को कटने के लिए बेचे देते है जब तक गौ माता के द्वारा दूध मिलता है तब तक घर पर रखते हैं और जब दूध देना बंद होता है वर्धा अवस्था मे होती है तो उन्हें सड़कों पर निसहाय अवस्था मे या कटने के लिए बेचे देते है समाज गौ माता का महत्व समझ कर घर पर ही रखे इसलिए आज कसरावद नगर मे गौमाता की भव्य शोभा यात्रा गवला रोड पर स्थित गौ शाला से गौ माता का पूजन कर मंडी रोड विजय स्तंभ चौराहा छोटा नाका कुशवाह मोहल्ला यादव मोहल्ला भवानी माता चौक से होते हुए मडलेस्वर रोड नया बस स्टेंड होते हुए गौ शाला पर यात्रा का समापन किया यात्रा मे जिला सह मंत्री दीपक जी कुशवाह जिला संयोजक विजय जी वर्मा जिला सेवा प्रमुख अर्जुन जी पाटिल प्रखंड अध्यक्ष प .अभिषेक जी रावल प्रखंड उपाध्यक्ष संदीप जी प्रजापत राम लक्ष्य संगठन के संरक्षक अरुण जी पाटीदार आलोक जी पाटीदार साथ ही अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।



# दिव्यांग शिविर का सफल आयोजन



**गोगावा, निप्र।** दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को एलेम्कों उज्जैन द्वारा कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण हेतु चिन्हांकन शिविर का आयोजन जनपद पंचायत गोगावां द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोगावां में किया गया। एलेम्कों उज्जैन के विशेषज्ञ श्री चंदन चंद्रा, पीएंडओं ऑफिसर, श्री अमित कुमार, डेंटिस्ट, श्री धीरज कुमार, ऑडियोलाजिस्ट द्वारा हितग्राहियों का परीक्षण किया गया। जिसमें 25 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण हेतु चिन्हांकित किया गया जिसमें 10 दिव्यांग हितग्राहियों को बेटरी वाली मोटराईज्ड ट्राईसिकल हेतु चिन्हांकन किया गया, 08 दिव्यांगजनों को ट्राईसिकल हेतु चिन्हांकित किया गया।

वृद्धजनों में कुल 63 हितग्राहियों को चिन्हांकित किया गया जिसमें ब्रेस नी, आरटीफिसियल डेंटर कंपलीट सेट, सुनने के उपकरण, छडी आदि चिन्हांकित किये गये। शिविर में सुश्री शिवानी वर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोगावां, श्री उदय पाटीदार खण्ड पंचायत अधिकारी, श्री संचित तुलापुरकर सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, श्री फतेसिंह पंवार, श्री अखिलेश जोशी, केलाश पटेल एवं जनपद स्टॉफ, स्वास्थ्य विभाग उपस्थित हुये।

# नगर पालिका परिषद की बैठक संपन्न

**बड़वाह, निप्र।** नगर पालिका परिषद बड़वाह की बैठक आज दिनांक 29 अक्टूबर 2025 बुधवार को सायं 4:00 बजे परिषद हॉल में आयोजित की गई जिसमें 29 विषयों पर चर्चा की गई एवं समस्त विषयों को श्रीमती जागृति नरेंद्र जायसवाल, श्रीमती नर्मदा बाई बद्री लाल पटेल, श्री गणेश पटेल, श्रीमती विजयलक्ष्मी कृष्णपाल सिंह तोमर, श्री रूप सिंह रावत, श्रीमती सीमा अनिल कानूनगो, श्रीमती रजनी भंडारी, श्री विष्णु वर्मा, श्री सुनील चौधरी, श्री रोहित चौरसिया, श्रीमती जसमीत कौर गगन भाटिया, श्रीमती ज्योति विजय सोनी, श्रीमती मुमताज बी साबिर खान, श्री मजहर अली, श्रीमती सोनल विजय महाजन ने सभी प्रस्तावों पर सहमति प्रदान की। नगर पालिका अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता ने बताया कि आज की बैठक में 29 विषय रखे गए थे जिसमें मिडिल स्कूल प्रांगण में सब्जी मंडी एवं फल मार्केट निर्माण, स्टेशन रोड पर नगर पालिका के मार्केट के ऊपर दुकानों के निर्माण की स्वीकृति, फायर स्टेशन निर्माण की स्वीकृति, गीता भवन निर्माण हेतु आवंटित भूमि पर आवश्यक व्यवस्था, त्रस्ज्ञ 2.0 के रिफॉर्म के संबंध में, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प जैसे महत्वपूर्ण विषयों सहित कुल 29 विषयों पर उपरोक्त सभी पार्षदों ने सर्वानुमति से प्रस्ताव पारित किए ।



एक नजर में

**मंडलेश्वर में बोले -महामंडलेश्वर अखिलेश्वरानंद महाराज**

# मां नर्मदा खुला विश्वविद्यालय है, आश्रम और मठ उसके महाविद्यालय

**कमलेश चौहान**

**मंडलेश्वर।** महामंडलेश्वर अखिलेश्वरानंद जी महाराज ने रामघाट नर्मदा तट मंडलेश्वर में आयोजित भव्य शोभायात्रा के अवसर पर आयोजित धर्म सभा में कहा कि मां नर्मदा एक खुला विश्वविद्यालय है और जितने भी मठ आश्रम है वे सभी इसके महाविद्यालय है जहां से ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है ।आज गोपाष्टमी का पावन दिन है आज ही के दिन द्वापर युग के महानायक भगवान कृष्ण ने आठ वर्ष की उम्र में अष्टमी के दिन गौचारण का वृत लिया था ।गोपालन और गौ सेवा की वह परम्परा आज भी जारी है ।मालवा निमाड़ में गोपालन की शानदार परम्परा है जहां भारतीय नस्ल की गायों पर अनुसंधान हो रहा है ।नर्मदा की महानता को समझाते हुए महामंडलेश्वर ने कहा कि मां नर्मदा का महत्व इस बात से समझा जा सकता है कि मैने संन्यास की शपथ मां गंगा में खड़े होकर ली और साधना के लिए मां गंगा की बड़ी बहन नर्मदा की शरण में आया ।गंगा मां है तो नर्मदा मां की बड़ी बहन अर्थात मौसी है ।धर्म सभा को पूर्व राज्य सभा सासंद और गौ संवर्धन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष मेघराज जी जैन और गुलावड आश्रम के संत विजय रामदास जी महाराज विधायक राजकुमार मेव ने भी संबोधित किया। श्री श्याम सांवलिया ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मेन्द्र पाटीदार ने अतिथि संतों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया ।




## नर्मदा पूजन के बाद विग्रहों को नर्मदा विहार कराया

श्री श्याम सांवलिया धाम धरगांव द्वारा मंडलेश्वर रामघाट नर्मदा तट से भव्य कलश यात्रा और निशान यात्रा मंगलवार 10 बजे निकाली गई ।इससे पूर्व नर्मदा घाट पर 21 जोड़ो और मुख्य यजमान द्वारा नर्मदा जी का पूजन कर दुग्धाभिषेक किया गया ।उसके बाद फूलों से सजी नाव पर श्री श्याम जी ,श्री सांवलिया सेठ और भगवान बालाजी के विग्रहों को बिठाकर नर्मदा विहार करवाया गया उसके बाद विधायक राजकुमार मेव स्वामी विजय रामदास जी महाराज और मुख्य यजमान सुधीर पाटीदार ने सपत्नीक विग्रहों को सम्मान पूर्वक सिर पर रखकर सजे हुए रथ पर विराजित किया ।तीनों विग्रहों को एक साथ रथ पर रखकर उनकी आरती की गई।

एक नजर में

## सनावद चातुर्मास समापन पर कलश वितरण

**सनावद, निप्र।** नगर के श्री दिगंबर जैन पार्श्वनाथ बड़ा मंदिर में चातुर्मास रत युगल मुनिद्वय तपस्या तपोनिधि मुनिश्री 108 विश्वसूर्य सागर जी महाराज एवं वात्सल्य ऋषि मुनिश्री 108 साध्यसागर जी महाराज के चार माह के ज्ञानामृत वर्षायोग की सफल समाप्ति पर मंत्र अनुष्ठान संपन्न कर कलश वितरित किए गए। समाज के सन्मति जैन काका ने बताया कि पिछले चार माह से निरंतर धर्म प्रभावना कर रहे मुनिद्वय के वर्षायोग समापन पर मंदिर में स्थापित मंगल कलशों का विधिवत पूजन किया गया। मुनिश्री साध्यसागर जी महाराज ने 108 लौंग एवं कपूर की आहुतियां देकर अनुष्ठान संपन्न करवाया। प्रथम कलश का सौभाग्य मुकेश कुमार प्रेमचंद जैन (शुभम् पेप्सी परिवार) को, द्वितीय कलश पवन कुमार कातोरा परिवार को, तृतीय कलश लोकेंद्र कुमार जैन परिवार को तथा महोदधी साध्य सिद्धि कलश पवन कुमार व विनीश कुमार गोधा परिवार को प्राप्त हुआ ।इसके अतिरिक्त 62 अन्य पुण्यार्जक परिवारों को मुनिश्री ने स्वास्तिक अंकित कर तिलक लगाकर कलश सौंपे। समारोह में समाजजन की उपस्थिति से पुण्य संचय हुआ।



## नवजात शिशु को बस में छोड़कर फरार हुए माता-पिता, पुलिस ने संभाला बच्चा

**सनावद, निप्र।** इंदौर से सनावद आ रही अमरज्योति बस में एक नवजात शिशु को अज्ञात माता-पिता द्वारा छोड़कर फरार हो जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बस के चालक और परिचालक ने बच्चे की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस थाने को दी, जहां शिशु को सुरक्षित रखा गया है। पुलिस माता-पिता की तलाश में जुटी हुई है, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। घटना की जानकारी देते हुए बस चालक ने बताया कि बस इंदौर से सनावद की ओर जा रही थी, जब यात्रियों के उतरने के दौरान एक सीट पर नवजात शिशु अकेला पड़ा मिला। बच्चे के पास कोई पहचान पत्र या संदेश नहीं था। परिचालक ने तुरंत चालक को सूचित किया और बस को सनावद पहुंचते ही थाने ले जाया गया। थाना प्रभारी ने बताया, बच्चा पूरी तरह स्वस्थ और सुरक्षित है। ज्ञात रहे कि अमरज्योति बस नियमित रूप से इंदौर-सनावद मार्ग पर चलती है। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई जानकारी हो तो थाने में संपर्क करें।



## सिविल अस्पताल की अव्यवस्थाओं के खिलाफ कांग्रेस का धरना



**सनावद, निप्र।** नगर के सिविल अस्पताल में चिकित्सकों की कमी, संसाधनों का अभाव एवं प्रसूति सुविधाओं के नहीं मिलने पर कांग्रेस ने धरना दिया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। लोकसभा प्रत्याशी नरेंद्र पटेल के निर्देश पर ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित धरने में कार्यकर्ताओं ने भजन गाकर सरकार से सद्बुद्धि एवं व्यवस्था सुधार की प्रार्थना की। सुबह 11 बजे शुरू हुए धरने में नेताओं ने भाजपा नीति एवं विधायक कार्यशैली पर आरोप लगाते हुए अस्पताल की खामियों के लिए जिम्मेदार ठहराया। ज्ञापन में कहा गया कि अस्पताल में महिला एवं शिशु रोग विशेषज्ञ नहीं हैं। गर्भवती महिलाओं को दूरस्थ अस्पताल जाना पड़ता है। गंभीर मरीजों के लिए संसाधन एवं क्लास-2 चिकित्सक नहीं हैं। 43 लाख की संजीवनी क्लीनिक का लोकार्पण 6 माह पूर्व हुआ, किंतु कर्मी नियुक्त नहीं। चिकित्सक समय पर नहीं आते, स्टाफ नर्स एवं उपकरणों की कमी है। बांड पर आए चिकित्सक एक वर्ष बाद चले जाएंगे, इसलिए स्थाई नियुक्ति हो। धरने में भूपेंद्र पटेल, रवि यादव, आशीष चौधरी, आफताब हिलाल, मुकेश कौशल, नकुल पटेल, गौतम विद्यार्थी, विवेक विद्यार्थी, सुनील व्यास, रामचंद्र कटारिया, शेख साकेरिन, जर्रार अहमद, इंदर बिरला, प्रवीण शर्मा, जितेंद्र पाटीदार, सौभाग्य पटेल, राधेश्याम मोंतारी, रामलाल चौधरी, मायाराम पटेल, महेश पटेल, गजेंद्र बॉस, भीम सिंह चौहान, आरती पाटिल, अनीता जैन, दीपिका वर्मा, उर्मिला जैन सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। तहसीलदार कैसी सोलंकी को ज्ञापन सौंपा गया। अस्पताल प्रभारी डॉ. वी.के. कोरी, ए.एस. चौहान एवं थाना प्रभारी आर.एस. ठाकुर मौजूद रहे।

## नर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की वीडियो कांफ्रेंस आयोजित की

**कसरावद, निप्र।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 1 जनवरी 2026 की स्थिति में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया गया है आयोग के कार्यक्रम अनुसार एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल के द्वारा आज दिनांक 29.10.2025 को विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की वीडियो कांफ्रेंस आयोजित की गई वीडियो कांफ्रेंस में दिए गए निर्देश अनुसार आज दिनांक 29.10.2025 को विधानसभा क्षेत्र 184 कसरावद में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई जिसमें आयोग की मनसा अनुसार निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी से सभी जन प्रतिनिधियों को बताया गया है कि आयोग द्वारा दिनांक 28.10.2025 से 3.11.2025 तक गणना फॉर्म के प्रिंटिंग के निर्देश दिए गए हैं, दिनांक 4.11.25 से 04.12.25 तक बूथ लेवल ऑफिसर 2 प्रति में गणना फॉर्म अपने मतदान क्षेत्र के घर घर जाकर मतदाता को वितरित करेंगे वितरण पश्चात मतदाता जिनका नाम 2003 एवं 2025 की मतदाता सूची में पाए जाते हैं उनका सत्यापन गाना फॉर्म के द्वारा किया जाएगा ऐसे मतदाता जिनका नाम 2003 के मंत्र सूची में दर्ज नहीं है 2025 की मदद सूची में दर्ज हैं ऐसे मतदाताओं को सत्यापन हेतु उनके माता-पिता या वंशावली अनुसार सत्यापन कर लिया जाएगा जिन मतदाताओं का सत्यापन नहीं हो सकेगा उनको आयोग द्वारा जारी में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा बीएलओ के भ्रमण के दौरान कोई मतदाता मृत पाया जाता है या अनुपस्थित पाया जाता है तो उनका फॉर्म नंबर 7 से नाम निरशन के करवाई की जा सकेगी ऐसे मतदाता जिनकी आयु 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है एवं 1 अप्रैल 2026 1 जुलाई 2026 या 1 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष पूर्ण होगी उनके अग्रिम आवेदन भी बालों द्वारा प्राप्त किए जाएंगे उक्त गाना प्रक्रिया के पश्चात दिनांक 9 12 2025 को प्रारूप निर्वाचन नामावली का प्रकाशन किया जाएगा 9.12.2025 से 8 1 2026 तक ऐसे मतदाताओं के नाम जो गणना के दौरान दस्तावेज या अनुपस्थित थे वह अपना नाम निर्वाचक नामावली में जोड़ने हेतु आवश्यक दस्तावेजों के साथ कर ह्यद्ब्रद्गद्द उपरोक्त कार्रवाई उपरांत दिनांक 7 फरवरी 2026 को निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

